# सड़क निर्माण में कोताही पर सरसड़ी में ग्रामीणों ने लगाया जाम

## ग्रामीणों ने ठेकेदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

**केकड़ी, (निस)।** ब्यावर रोड स्थित सरसड़ी ग्राम में ग्रामीणों ने देर शाम निर्माणाधीन सड़क के निर्माण में अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुए ब्यावर केकड़ी मार्ग पर जाम लगा दिया। ग्रामीणों ने ठेकेदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

ग्रामीणों ने बताया कि इन दिनों सरसड़ी से कणेई तक करीब 14 करोड़ रुपए की लागत से सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण के दौरान जमकर कोताही बरती जा रही है। जिसके कारण आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण का कार्य बेहद धीमी गति से किया जा रहा है। ऐसे में इस मार्ग पर यात्रा करने वाले राहगीरों को आवाजाही में परेशानी उठानी पड़ रही है। अधूरे निर्माण कार्य के चलते कई बार हादसें हो चुके है।



सड़क निर्माण में कोताही के विरोध में सरसड़ी में सड़क पर ग्रामीण एकत्रित हो गये।

ग्रामीणों का कहना है कि करीब तीन-चार महीने से सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसके चलते सरसड़ी, रामपाली, बिलिया सहित दर्जनों गांवों के लोगों को दूसरे मार्ग से होकर सफर करना पड़ रहा है। सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही पर कई बार ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों को शिकायत भी दी, लेकिन ठेकेदार पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। अधूरे निर्माण कार्य के चलते इस मार्ग पर आए दिन हादसे हो रहे है। रविवार को भी एक बाइक चालक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसके बाद ग्रामीणों का गुस्सा भड़क गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने सरसड़ी गांव में बीच सड़क मार्ग पर लकड़ियां व पत्थर डालकर जाम लगा दिया। जिसके चलते सड़क मार्ग के दोनों और वाहनों की कतारें लग गई।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार की ओर से सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। तय मानकों के अनुरुप सड़क निर्माण नहीं किया जा रहा है। सीसी सड़क निर्माण में बजरी की जगह खाल से निकलने वाली मिट्टी ड़ाली जा रही है। कई जगहों पर सीसी सड़क बनाई गई है, लेकिन यहां साइडों में रैम्प नहीं बनाया गया। जिससे आए दिन वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त होकर चोटिल हो रहे है। सड़क को खोदने के बाद उस पर गिट्टी बिछाकर छोड़ दिया है। ठेकेदार द्वारा पानी का छिड़काव नही करने से दिनभर धूल उड़ती रहती है। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

# धरपकड़ अभियान में 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया


पुलिस ने रविवार को अपराधियों की धरपकड़ अभियान के अंतर्गत विभिन्न मामलों के 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**बीदासर ।** पुलिस ने रविवार को अपराधियों की धरपकड़ अभियान के अंतर्गत विभिन्न मामलों के 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी कैलाशचंद्र ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक रैंज सीकर सत्येंद्र कुमार, चूरू जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देशन में आदतन अपराधियों पर प्रभावी अंकुश एवं वांछित अपराधियों की धरपकड़ एवं आगामी लोकसभा चुनाव शान्ति पूर्वक कराने हेतु चलाएं जा रहें एरिया डोमिनेशन अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजानगढ़ दिनेश कुमार, बीदासर उप पुलिस अधीक्षक प्रहलाद राय के नेतृत्व में थाना हाजा पर गठित टीमों द्वारा अलग-अलग कुल 24 स्थानों पर दबिश दी गई। जिसमें थाना हाजा पर पूर्व में आमर्स एक्ट, एन डी पी एस एक्ट के प्रकरणों में चलानशुदा अपराधियों व थाना हाजा के एच एस अपराधियों को चैक किया जाकर पूछताछ की गई तथा 12 चालानशुदा व एच एस को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय में पेश किया गया।

# स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए प्रशासन तैयार : चिन्मयी गोपाल

## जिला निर्वाचन अधिकारी चिन्मयी गोपाल ने ली प्रेस कॉन्फ्रेंस

**झुंझुनूं ।** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी चिन्मयी गोपाल ने रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनावी तैयारी की जानकारी दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला कलेक्टर ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन की तैयारी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए प्रशासन पूर्ण रूप से तैयार हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि झुंझुनूं लोकसभा क्षेत्र में 20 लाख 61 हजार 889 मतदाता है जिनमें 29 हजार 576 सर्विस वोटर्स है। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम जारी होने के साथ ही लागू आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराने को लेकर पुलिस ने भी कमर कस ली है। लोकसभा चुनाव के दौरान केंद्रीय पुलिस फोर्सेस की 35 टुकड़ियों मौजूद रहेगी।

जिनके लगभग 39 हजार सशस्त्र पुलिसकर्मी निष्पक्ष व भय मुक्त चुनाव करवाने के लिए मतदान केंद्रों पर तैनात रहेंगे। उन्होंने बताया कि वांछित अपराधियों की धरपकड के लिए अभियान चलाया जाएगा एवं गुंडा एक्ट के तहत भी कार्यवाही की जाएगी। हरियाणा के सीमावर्ती क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरा से निगरानी की जाएगी। सीमावर्ती क्षेत्र के हर कच्चे पक्के रास्ते पर पुलिस की नजर रहेगी। उन्होंने बताया कि सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम रामरतन सौंकरिया ने बताया कि निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया, केबल के साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट की जाने वाली सामठी पर भी निगरानी रखी जा रही हैं। किसी भी प्रकार की फेक न्यूज अथवा एमसीसी का उल्लंघन करने वाली पोस्ट किए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि पेड न्यूज पर निगरानी के लिए सूचना केंद्र में प्रकोष्ठ संचालित किया जा रहा हैं। संदेहास्पद पेड न्यूज की जानकारी मिलने पर, शिकायत के आधार पर एवं स्वप्रेरणा से संज्ञान लिया जाएगा।

# फागोत्सव 22 मार्च से

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी ।** प्रतिवर्ष की भांति स्थानीय कबूतरिया कुआ के पास आयोजित होने वाले तीन दिवसीय फागोत्सव कार्यक्रम का आयोजन इस साल 22 मार्च से लेकर 25 मार्च तक होगा। आयोजन की सफलता को लेकर फ्रेंड्स वेलफेयर सोसाइटी के कार्यकर्ताओं की आवश्यक बैठक रविवार को संगठन कार्यालय में अध्यक्ष प्रदीप शर्मा की सम्पन्न हुई। आयोजन समिति के संयोजक शशांक जोशी, रवि जैन व अश्विनी पारीक ने बताया कि कार्यक्रम में तीनों दिन गींदड़ प्रतियोगिता का आयोजन होगा। प्रतियोगिता में बालक, युवा व वरिष्ठ तीनों वर्गों के प्रथम तीन स्थान पर रहने वाले विजेताओं को नगद पुरस्कार व गिफ्ट हैंपर प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण बालिकाओं की गींदड़ प्रस्तुति रहेगी। बालिकाओं के लिए अलग से प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

# संजय महला को केंद्र सरकार ने अपना अधिवक्ता नियुक्त कर दी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

## सीबीआई सहित केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण विभागों से जुड़े रहे है महला

- **सीबीआई के स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर पद पर रहते हुए कई हाई प्रोफाइल मामलों में प्रभावी पैरवी कर अपनी अमिट छाप छोड़ चुके है**
- **महला केंद्र सरकार से संबंधित मामलों में केंद्र की ओर से प्रभावी पैरवी करने के लिए तत्पर रहेंगे**

**झुंझुनूं**, 17 मार्च। राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर के सीनियर एडवोकेट संजय महला को भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय ने उनके विशेष अनुभव को देखते हुए अपना वरिष्ठ पैनल अधिवक्ता नियुक्त कर केंद्र सरकार की ओर से पैरवी करने के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है।

मूल रूप से झुंझुनूं जिले के गांव खाजपुर नया के निवासी एवं राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर में वकालत कर रहे संजय महला पूर्व में भारत सरकार की महत्वपूर्ण शीर्ष जांच एजेंसी सीबीआई के स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर पद पर रहते हुए कई हाई प्रोफाइल मामलों में प्रभावी पैरवी कर अपनी अमिट छाप छोड चुके है।

फिलहाल वे देश के महत्वपूर्ण विभागों में से संघ लोक सेवा आयोग, एयरपोर्ट्स अथॉरिटी आफ इंडिया, पुलिस एवं फायर गेम्स बोर्ड ऑफ इंडिया व राजस्थान सरकार के कई महत्वपूर्ण विभागों व निकायों सहित शेखावटी की पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावटी विश्वविधालय एवं जेजेटी विश्वविद्यालय के अधिवक्ता के रूप में जिम्मेदारी निभा रहे है। एडवोकेट महला हाईकोर्ट बार एसोसिएशन में विभिन्न पदों पर निर्वाचित हो चुके है।

अपनी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति को लेकर महला ने महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भारत सरकार के कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल सहित भाजपा संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों का अपनी इस नियुक्ति के लिए आभार जताते हुए कहा कि वे केंद्र सरकार से संबंधित मामलों में केंद्र की ओर से प्रभावी पैरवी करने के लिए तत्पर रहेंगे।

# सरपंच के चालक ने विकास अधिकारी से की मारपीट

**दौसा, (निसं)।** जिले की सिकराय पंचायत समिति के विकास अधिकारी से हाथापाई व मोबाइल तोडने का मामला सामने आया है।

आरोप है कि विकास कार्य स्वीकृत करवाने की बात को लेकर ठीकरिया ठााम पंचायत के सरपंच कमलेश मीणा ने अभद्रता की गई। सरपंच के ड्राइवर ने विकास अधिकारी के साथ उनके चेंबर में ही की हाथापाई मारपीट करने का पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी में कैद हो गया। जिसमें एक शख्स बीडीओ की ओर दौडता है तभी दूसरा युवक बीडीओ को पकड कर हाथापाई करता दिख रहा है। विकास अधिकारी के चेंबर में हंगामे की आवाज सुनकर दूसरे लोगों ने बीच बचाव किया।

इस दौरान सरपंच व उसका ड्राइवर वहां से फरार हो जाते हैं। पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बीडीओ ने बताया कि वे पंचायत समिति परिसर स्थित अपने ऑफिस में सहायक लेखाधिकारी हरसहाय मीणा के साथ कार्य कर रहे थे। इस दौरान ठीकरिया सरपंच कमलेश उनके कक्ष में आया और कार्य स्वीकृत करने के लिए कहने लगा। बीडीओ ने सरपंच को बताया कि उक्त कार्य प्लान में जुडवाने के बाद स्वीकृत कर दिए जाएंगे। वही आवेश में आकर सरपंच ने उनका मोबाइल छीनकर फेंक दिया। उसके ड्राइवर बलराम ने मारपीट कर सरकारी डाक्यूमेंट्स फाड़ दिए। मानपुर थाना इंचार्ज सुरेश कुमार ने पंचायत समिति के विकास अधिकारी बाबूलाल मीणा ने ठीकरिया ठााम पंचायत के सरपंच कमलेश मीणा व उसके ड्राइवर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच जांच की तो विकास अधिकारी व सरपंच के बीच विवाद की बात सामने आई है मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सरपंच व चालक द्वारा खंड विकास अधिकारी के साथ की गई हाथापाईयों मारपीट को लेकर पंचायत कार्मिकों में रोष व्याप्त है। वही इस घटना के बाद चर्चा की जब अधिकारी खुद के चेंबर में ही सुरक्षित नहीं तो फील्ड में जांच आदि कार्य को लेकर अधिकारी कैसे निकल पायेगा इसे लेकर कडी कार्रवाई की मांग की गई है।

# बच्चे का भ्रूण मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैली

**भीलवाड़ा, (नि.सं.)।** शहर के सदर थाना इलाके में स्थित पालड़ी गांव की कंजर बस्ती के निकट नाली में बच्चे का भ्रूण मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने भ्रूण को अपने कब्जे में लेकर महात्मा गांधी चिकित्सालय की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया है।

सदर थाने के एएसआई रामप्रसाद ने बताया की थाने में सूचना मिली कि पालड़ी गांव की कंजर बस्ती के निकट नाली में बच्चों को एक नवजात बच्चे का भ्रूण मिला है सूचना पर वह जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे तो दो ढाई महीने का भ्रूण नाली के निकट पड़ा हुआ था। क्षेत्रवासियों का कहना था की बच्चों ने उसे खेलने का गुड्डा समझ कर नाली से बाहर निकाला और खेलने लगे जब इस बारे में क्षेत्र के लोगों को पता चला तो वह तत्काल मौके पर पहुंचे और भ्रूण को सुरक्षित रखकर पुलिस को इसके बारे में सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने भ्रूण को अपने कब्जे में लेकर महात्मा गांधी चिकित्सालय पहुंचाया जहां फिलहाल उसे मोर्चरी में सुरक्षित रखा गया है।

# मोटरसाइकिलों की टक्कर में दो जनों की मौत

- **मामला सिरोही जिले के रेवदर कस्बे में कांडला हाईवे का है**
- **हादसे के बाद मौके पर बड़ी तादाद में लोग जुट गये**

**रेवदर, (निसं)।** आवाडा रोड पर आमने सामने की भीषण टक्कर में दो बाइकों के परखच्चे उड गए। हादसा इतना भीषण था कि बाइकों पर सवार 4 लोग उछलकर एक-दूसरे से टकराए। दुर्घटना में 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि दो घायलों को गुजरात रेफर किया गया है। मामला सिरोही जिले के रेवदर कस्बे में कांडला हाईवे का है। घटना रविवार सुबह 10 बजे हुई।

एएसआई दिनेश कुमार ने बताया सुबह 10 बजे आवाडा मार्ग पर रेवदर पुलिस थाने के पास दो बाइक टकरा गईं। एक बाइक पर भगाराम मेघवाल (50) पुत्र रावताराम, कालाराम मेघवाल (72) पुत्र रामजीराम और लवजीराम सवार थे। तीनों सुबह 9 बजे रोहुआ से बाइक पर साथ निकले थे। रेवदर में रविवार को मेघवाल समाज के छात्रावास में एक कार्य म में शामिल होने जा रहे थे। सुबह 10 बजे आवाडा मार्ग पर रेवदर पुलिस थाने के पास सामने से आती बाइक से भिडंत हो गई। उस बाइक पर रेवदर के पिलाची रामपुरा का निवासी गेनाराम कोली (28) था। दोनों बाइकों में जबरदस्त भिडंत हुई। चारों उछलकर गिरे।

हादसे के बाद मौके पर बडी तादाद में लोग जुटे। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से चारों घायलों को रेवदर हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां रोहुआ (रेवदर) निवासी भगाराम की मौत हो गई। कालाराम, लवजीराम और गेनाराम कोली को पालनपुर (गुजरात) रेफर किया गया। रास्ते में कालाराम ने रास्ते में भी दम तोड दिया। मृतकों के शव रेवदर हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी में रखवाए गए। जबकि लवजीराम व गेनाराम का गुजरात में इलाज चल रहा है। परिजनों की रिपोर्ट के बाद शवों का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिए।

# अब अलवर के बहाला गांव में भी चंदन की खेती

**अलवर, (निसं)।** अलवर जिले के किसानों के लिए खुशखबरी लेकर आया है एक किसान जिसने अपने खेत में सफेद चंदन की खेती कर सभी को चौका दिया है। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव बहाला में मांगी लाल प्रजापति ने अपने खेत में करीब डेढ़ बीघा भूमि में सफेद चंदन के 323 पौधे लगाए है। ये पौधे करीब छह माह के हो चुके है। कृषक मांगीलाल प्रजापति ने बताया कि पहले तो उन्हें भय था कि पौधे लगे या नहीं लेकिन उनकी मेहनत रंग लाई और आज उनके सभी पौधे लहरा रहे है। उन्होंने बताया कि ये पौधे करीब बारह-तेरह साल में बड़े हो जाते है और इनकी बाजार में कीमत करीब एक पेड़ की एक लाख रूपये होती है इससे अगर उनके सभी पौधे मोजूद रहे तो उन्हें करीब तेरह साल बाद सवा तीन करोड की आय हो सकती है जो फसल उगाने से सौ गुना ज्यादा फायदा देगी। वही उन्होंने सेव, संतरा, नीबू आंवला, चीकू आदि फलों के भी पोधे लगाए हुए है। उनका सारा फोकस इन पौधों को बडा करने में लगा हुआ है। अगर उनका सपना सफल होता है तो अलवर के एकमात्र ऐसे किसान होगे जिन्होंने ऐसा प्रयास किया और वे सफल भी हुए।

# युवक के पेट्रोल छिड़ककर आग लगाई

- **गंभीर हालत में युवक को जोधपुर के महात्मा गांधी हॉस्पिटल में रैफर किया गया है**

**जोधपुर, (कासं) ।** ओसियां थाना क्षेत्र के चेराई रामनगर में एक नरेगा साइट पर युवक के पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने का मामला सामने आया है। गंभीर हालत में युवक को जोधपुर के महात्मा गांधी हॉस्पिटल में रैफर किया गया है। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। हालांकि यह पता नहीं चल सकता है कि श्रमिक ने खुद पेट्रोल छिड़ककर आग लगाई या उसे जलाया गया है।

मामले की जांच कर रहे ओसियां थाने के एसआई सुल्तान सिंह ने बताया की ओसियां के निकटवर्ती चिरई के रामनगर में नरेगा साइट पर बिरमाराम नाम के युवक के आग लगाने की जानकारी मिली थी। तब टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

अभी तक इस मामले में किसी की ओर से रिपोर्ट नहीं दी गई है । जांच के बाद ही पता चल सकेगा की वास्तविकता क्या थी। बुरी तरह झुलसे युवक को महात्मा गांधी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है।घटना की सूचना मिलने के बाद तहसीलदार सहित प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे । युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। युवक 80 प्रतिशत तक झुलस चुका है।

बताया जा रहा है कि युवक बिरमाराम का खेत की जमीन को लेकर पड़ोसियों से झगड़ा चल रहा है। युवक नरेगा साइट में काम भी करता है। शनिवार को भी लड़ाई हुई तो ग्रामीणों ने समझाइश कर मामला शांत करवाया था। आज सुबह दस बजे के करीब युवक नरेगा साइट पर पहुंचा था। बताया जा रहा है की इसी बीच युवक का तीन चार अन्य युवकों के साथ झगड़ा हो गया। इसके बाद युवक के झुलसने की जानकारी सामने आई। हालांकि ये स्पष्ट नहीं हो सका है कि युवक ने खुद पेट्रोल उड़ेलकर आग लगाई या फिर किसी ने उसे जलाया है।

# कार से 80 किलो 800 ग्राम डोडा पोस्त चुरा जब्त

**भीलवाड़ा, (नि.सं.)।** जिले की गुलाबपुरा थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक लग्जरी कार से 80 किलो 800 ग्राम डोडा पोस्त चुरा जप्त किया है । पुलिस ने इस मामले में दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है । पकड़े गए डोडा चूरा की कीमत करीब 22 लख रुपए बताई जा रही है।

गुलाबपुरा थाना प्रभारी पूरणमल ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के चलते थाना क्षेत्र में नाकाबंदी की गई थी । इसी दौरान भीलवाड़ा की ओर से आ रही एक हुंडई वरना कार को रुकवाया । इसमें ड्राइवर व उसके साथ एक व्यक्ति बैठा था । पूछताछ में ड्राइवर ने अपना नाम वेद प्रकाश पिता रामेश्वर लाल जाट ( 32 ) निवासी हनुमानगढ़ व साथ में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम विनोद पिता धर्मपाल जाट ( 25 ) निवासी हनुमानगढ़ बताया । कार के शीशे पर काली रंग की जाली लगी हुई थी । पुलिस ने जब कार की तलाशी ली तो इसमें चार कट्टों में अफीम डोडा चुरा मिला । पुलिस ने दोनों व्यक्तियों से अफीम डोडा चूरा परिवहन करने से संबंधित कागज पूछे तो उनके पास कोई परिवहन का कोई कागज नहीं मिलने पर पुलिस ने 8 / 15 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए दोनों को गिरफ्तार किया और कार को जप्त किया । चारों कट्टों का वजन करने पर इसमें कुल 80 किलो 800 ग्राम डोडा चुरा पाया गया जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 22 लख रुपए बताई जा रही है । पुलिस प्रारंभिक पूछताछ में दोनों ने चित्तौड़गढ़ से डोडा चूरा लाना और हनुमानगढ़ इसकी सप्लाई करना कबूल किया है । पुलिस दोनों आरोपियों से और अधिक पूछताछ में लगी है।


गुलाबपुरा थाना पुलिस ने दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है


# रंगरूडौ फाग उच्छब 22 मार्च से

**रतनगढ़ ।** सांस्कृतिक सरोकारो की संस्था शिवाजी सेवा संस्थान की ओर से प्रति वर्ष होली के अवसर पर आयोजित होने वाला "रंगरूडौ फाग उच्छब 22 मार्च से होगा। यह निर्णय संस्थान के अध्यक्ष किशोरीलाल बील की अध्यक्षता में गत रात्रि हुई बैठक में लिया गया। आयोजन समिति के संयोजक विकास रिणवा ने बताया कि इस वर्ष का फाग उच्छब लोकरंग के रसिया कलाकार स्व.सुखदेव माली व स्व.बालकृष्ण सैनी को समर्पित रहेगा। रिणवा ने बताया कि स्व.सुखदेव माली व स्व. बालकृष्ण सैनी शिवाजी सेवा संस्थान के आधार स्तम्भ थे और हाल ही में दोनों दिवंगत हुए हैं। शिवाजी सेवा संस्थान प्रांगण में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए संस्थान के सचिव अशोक वर्मा व लिट्टू कल्पनाकांत ने संयुक्त रूप बताया कि रंगरूडौ फाग उच्छब 2024 के अन्तर्गत 22 मार्च को रामगढ़ शेखावाटी की याराना ढ़प मंडल व 23 मार्च को श्री लोकनृत्य ढ़प मंडल लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी के लोक कलाकारों की ओर से चंग,बांसुरी व धमाल कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

# चंग की थाप पर फाल्गुन महोत्सव मनाया

- **भगवान श्याम प्रभु की मनमोहक झांकी सजाई गई, तथा फूलो से विशेष श्रृंगार किया गया**

**बीदासर।** श्याम परिवार के तत्वाधान में शनिवार की रात्रि में कस्बे की राधाकृष्ण हवेली में श्री श्याम एवं बालाजी फाल्गुन महोत्सव 2024 का आयोजन किया गया।



श्याम परिवार के तत्वाधान में राधाकृष्ण हवेली में श्री श्याम एवं बालाजी फाल्गुन महोत्सव 2024 का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर भगवान श्याम प्रभु की मनमोहक झांकी सजाई गई, तथा फूलो से विशेष श्रृंगार किया गया। रात्रि में आचार्य देवकी नन्दन व्यास ने वैदिक मंत्रौच्चार के साथ पूजा अर्चना करवाई। पूजा के बाद महा ज्योत व महाआरती में श्रृद्धालुओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। महाआरती के पश्चात संगीतमय कीर्तन का शुभारम्भ मुरलीधर पारीक ने " गंजानन्द महाराज पधारों कीर्तन की सब तैयारी है "गणेश वंदना से हुआ। कीर्तन में फरीदाबाद की भंजन गायका शशी पाटनी, रतनगढ के प्रदीप पारूल आत्रे, नोखा के मुरलीधर पारीक, हरियाणा की तनु खरखोटा, दिव्याकर ओझा ने प्रभु श्री श्याम के भंजनों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर श्रृद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्याम कीर्तन में श्याम परिवार के गोंविद पारासर, रवि मोदी, मनोज पंसारी, मनोज शर्मा, शिवकुमार टांटिया, विकास गौड़, समाजसेवी गिरधारी लाल मेहला, मनोज माली, धर्मदत शर्मा, परमानन्द शर्मा, पुसराज गौड़, विमल टांटिया सहित सैकडो की संख्या में श्रृद्धालुओ ने भाग लिया। बीदासर कस्बे में होली के पर्व को लेकर कस्बे मे अनेक स्थानों पर चंगो की थाप पर देर रात्रि तक चलने वाले चंग नृत्य को देखने के लिए दर्शकों का हजूम उमड़ रहा है। नया बस स्टेण्ड के पास कोडामल बैंगवानी के नोहरे में आपणो रंगारंग फाग उत्सव व चंगोत्सव में शनिवार की रात्रि में राजस्थानी वेशभूषा में सजे कलाकारों ने चंग व ढप की थाप, ढोलक की रिदम और बांसुरी की धुन पर फाल्गुनी धमालों तथा चंगो की थाप पर फाग रसीयों ने नृत्य कलाकार सुरेन्द्र पाण्डेय के साथ जमकर ठुमके लगाये।